01 लाख 1 हजार रु0 का झूठी लूट... पृष्ठ 2 | मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स


।। जय श्री जलाराम।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

शनिवार, 08 मार्च 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 143, पृष्ठ 08, मूल्य 3 रुपए

## नव निर्वाचित महापौर एवं पार्षदो को आज कलेक्टर दिलायेगे शपथ

### विधानसभा अध्यक्ष एवं सांसद के आतिथ्य में आडिटोरियम में होगा शपथ ग्रहण



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम राजनांदगांव के नव निर्वाचित महापौर श्री मधुसूदन यादव सहित नव निर्वाचित पार्षदों को जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में कल 8 मार्च 2025 को आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह जी एवं सांसद माननीय संतोष पाण्डे जी के आतिथ्य में शपथ दिलायेगे।

शपथ कार्यक्रम के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत नगर निगम राजनांदगांव के लिये महापौर तथा पार्षदों के निर्वाचन उपरांत 15 फरवरी 2025 को घोषित परिणाम अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य पत्र में 24 फरवरी 2025 को नव निर्वाचित महापौर एवं 51 वार्ड के नव निर्वाचित पार्षदों का नाम अधिसूचित किया गया। जिसके उपरांत नियमानुसार महापौर एवं पार्षदों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल नगर निगम द्वारा पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में कल दिनांक 8 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में प्रातः 10 बजे नवनिर्वाचित महापौर सहित पार्षदों को शपथ दिलायेगे। शपथ ग्रहण समारोह में छत्तीसगढ के विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के सांसद माननीय श्री संतोष पाण्डे जी करेगे। आयुक्त ने नव निर्वाचित महापौर एवं नव निर्वाचित पार्षदों सहित जनप्रतिनिधियों,गणमान्य नागरिकों व पत्रकार बंधुओं से उक्त कार्यक्रम में प्रातः 9:30 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में उपस्थिति की अपील की है।

## नगर निगम अध्यक्ष सामान्य वर्ग से ही होगा

### जनता की मांग पर भाजपा ने लिया निर्णय ?

**राजनांदगांव।(नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम में अध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इस चुनाव को लेकर यह मांग पहले भी उठ चुकी है कि निगम अध्यक्ष का पद सामान्य वर्ग के प्रतिनिधि को ही मिलना चाहिए। अब चुनाव की घड़ी नजदीक है, तो यह बहस और तेज हो गई है।

गौरतलब है कि राजनांदगांव नगर निगम में जब महापौर का पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित था, तब भाजपा ने ओबीसी वर्ग के मधुसूदन यादव को प्रत्याशी बनाया था, और वे भारी मतों से विजयी हुए थे। यह पार्टी की रणनीति का हिस्सा था, जिसमें संतुलन बनाए रखने की कोशिश की गई थी। अब जब निगम अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हो रहा है, तो यह तर्क दिया जा रहा है कि संतुलन बनाए



रखने के लिए इस बार सामान्य वर्ग के किसी प्रत्याशी को यह जिम्मेदारी दी जानी चाहिए।

**भाजपा में मंथन जारी, ये नाम हो सकते हैं प्रमुख दावेदार**

भाजपा में इस मुद्दे को लेकर गहन विचार-विमर्श जारी है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, निगम अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रमुख नाम चर्चा में हैं–

1. **राजा माखीजा** – भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता और अनुभवी नेता, जिनका संगठन में अच्छा प्रभाव है।

2. **आलोक श्रोती** – लंबे समय से पार्टी से जुड़े हुए हैं और राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

3. **शैंकी बग्गा** – बड़ी नौकरी छोड़कर आये है और कांग्रेस के शहर अध्यक्ष को हराया है। जनता के बीच लोकप्रिय चेहरा,हो गया है।

**जनता की भी निगाहें टिकीं**


नगर निगम अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर आम जनता भी उत्सुक है। राजनीतिक समीक्षक मानते हैं कि यदि भाजपा इस पद के लिए सामान्य वर्ग से किसी योग्य प्रत्याशी को मौका देती है, तो यह सामाजिक संतुलन बनाए रखने और पार्टी की रणनीति को मजबूत करने में सहायक हो सकता है। अब देखना यह होगा कि भाजपा हाईकमान किस उम्मीदवार पर भरोसा जताता है और क्या पार्टी इस बार सामान्य वर्ग को प्रतिनिधित्व देकर संतुलन की नीति को कायम करेगी।

## अभिषेक, मेहंदी एवं निशान यात्रा के साथ चार दिवसीय फागुन महोत्सव का शुभारंभ

### उदयाचल में सज रहा है भव्य दरबार

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा खाटू वाले श्याम प्रभु का फागुन महोत्सव परंपरा अनुसार बड़ी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाए जाने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही है। चार दिवसीय फागुन महोत्सव के प्रथम दिवस आज फागुन शुक्ल नवमी, 8 मार्च शनिवार को सुबह 10:00 से उदयाचल प्रांगण में खाटू वाले श्याम प्रभु का दुग्धाभिषेक किया जावेगा। इसी के साथ श्याम नाम की मेहंदी का उत्सव आयोजित है।

श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के संरक्षक गोपाल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अशोक लोहिया, संतोष हुंका, अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, सचिव अरुण खंडेलवाल, अशोक अग्रवाल ( ट्रांसपोर्ट ) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 08 मार्च सुबह 10 बजे चार दिवसीय श्री श्याम महोत्सव का शुभारंभ बाबा श्याम के



दुग्धाभिषेक से होगा, कोई भी भक्त अपने घर से गाय का दूध लाकर अभिषेक कर सकते है, दूध अभिषेक के दौरान ही भक्त माता-बहनों को श्याम नाम की मेंहदी लगाई जाएगी। शाम 05:00 बजे उदयाचल प्रांगण से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें श्याम प्रभु की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। सैकड़ो माता-बहने एवं बंधु अपने हाथों में धर्म ध्वजा ( निशान ) लेकर निशान यात्रा में शामिल होंगे। आयोजन समिति की ज्योति अग्रवाल, सोनल अग्रवाल ने जानकारी दी है कि निशान यात्रा में संस्कारधानी नगरी के भजन गायकों द्वारा सुमधुर संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। निशान यात्रा उदयाचल से प्रारंभ होकर महेश पथ से तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, श्याम मंदिर गली से कामठी लाइन, भारत माता चौक से गंज लाइन होते हुए वापस उदयाचल प्रांगण पहुंचेगी। समिति ने श्रद्धालु भक्त माता बहनों एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि सुबह दुग्धाभिषेक, मेंहदी उत्सव एवं शाम को निशान यात्रा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।



## विधानसभा अध्यक्ष जिले के प्रवास पर



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 8 मार्च 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 8 मार्च को सुबह 9 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 10.30 बजे गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव पहुंचकर नगर निगम राजनांदगांव के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 12 बजे महिला पुलिस थाना राजनांदगांव का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1 बजे पुराना बस स्टैण्ड डोंगरगांव में आयोजित नगर पंचायत डोंगरगांव के शपथ ग्रहण समारोह एवं शाम 4.30 बजे नगर पंचायत छुरिया के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5.15 बजे नगर पंचायत छुरिया से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## एकांत चंद्राकर को भाजपा ने बाहर का रास्ता दिखाया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा त्रिस्तरीय चुनाव में छुरिया जनपद पंचायत अध्यक्ष पद के विरुद्ध बागी होकर चुनाव लड़ने वाले एकांत चंद्राकर को आज विधिवत रूप से 6 वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित करने का आदेश प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने जारी कर दिया है। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं महामंत्री सौरभ कोठारी ने एक स्वर में कहा कि भाजपा में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाती है। इसलिए पार्टी के खिलाफकार्य करने और बागी चुनाव लड़ने वालो के खिलाफ निलंबन और निष्काषन की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।

## शहर की बेटी प्रिया बनी एमबीबीएस डॉक्टर




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** रिद्धि सिद्धि कॉलोनी की प्रिया चंद्रवंशी एमबीबीएस डॉक्टर बन गई है उन्हें यह उपलब्धि मिलने से कंवर समाज सहित उनके शुभचिंताको में प्रसन्नता व्याप्त है। डॉक्टर प्रिया चंद्रवंशी शुरू से ही मेघावी रही है। कंवर समाज महासभा राजनांदगांव के संरक्षक व प्राचार्य सी एल चंद्रवंशी श्रीमती शशि चंद्रवंशी की सुपुत्री डॉ. प्रिया चंद्रवंशी को पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा एमबीबीएस की डिग्री प्रदान किया गया ।प्रिया2019बैच की छात्रा रही। प्राथमिक शिक्षा वेसलिन स्कूल चौकी, माध्यमिक शिक्षा बालभारती स्कूल राजनांदगांव,हॉयर सेकंडरी परीक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय गुढियारी रायपुर से उत्तीर्ण की। प्रिया के बड़े भाई डॉ. दीपक चंद्रवंशी भी 2018 में एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर वर्तमान में सूरत मेडिकल कॉलेज गुजरात में पी जी (एम एस) अंतिम वर्ष का छात्र है। कंवर समाज ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## जनपद उपाध्यक्ष बनते ही पार्टी के वरिष्ठों से आशीर्वाद लेने पहुंची अनीता

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जनपद पंचायत राजनंदगांव अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव गत दिवस संपन्न हुआ उपाध्यक्ष पद पर चुनी गई



भाजपा समर्थित अनिता डिगेन्द्र सिन्हा निर्वाचित होने के बाद वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद लेने पहुंची। श्रीमती सिन्हा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से सांसद महापौर सहित और भी नेताओं से आशीर्वाद लिया। राजनांदगाव जनपद पंचायत नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अनिता डिगेन्द्र सिन्हा ने भाजपा के सभी नेताओ से मिलकर आशीर्वाद एवं आभार व्यक्त किया। सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, राजेश श्यामकर, रामकुमार वर्मा, गोपी साहू, महेश यादव,मनोज साहू,सभी से आशीर्वाद लेने के लिये अनिता डिगेन्द्र सिन्हा के सांथ तिलई मण्डल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर, टाकेश सिन्हा, डिगेन्द्र सिन्हा, हरिचंद सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

## दिग्विजय कॉलेज के हिंदी विभाग में शिक्षक अभिभावक सम्मेलन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष



हिंदी डॉ. शंकर मुनि राय के मार्गदर्शन में शिक्षक अभिभावक सम्मेलन आयोजित की गई। इस सम्मेलन में विभाग के प्राध्यापक,पालक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि हिंदी विभाग ने पूरी ईमानदारी के साथ शिक्षक अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया है। महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का सदुपयोग करते हुए अध्ययन करना विद्यार्थियों का कर्तव्य है। अध्ययन अध्यापन से संबंधित किसी भी तरह की समस्या को अपने शिक्षक और पालक से अवश्य चर्चा करें। विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने कहा कि इस सम्मेलन में समस्त अभिभावकों को सम्मिलित होना चाहिए ताकि विद्यार्थी के अध्ययन- अध्यापन को लेकर सार्थक चर्चा की जा सके एवं उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। इस सम्मेलन में विभागीय प्राध्यापक डॉ. प्रवीण कुमार साहू, डॉ. गायत्री साहू, डॉ. वीरेंद्र साहू, कौशिक बिशी एवं अभिभावकों में यशवंत टांडेकर, दाताराम निषाद, प्यारी राम, हीरेंद्र कुमार साहू, कृष्णा प्रसाद, तोमर लाल सिंह, रेखा बाई, गोमती साहू, सुशीला बांधव और शिवम उपस्थित थे एवं उन्होंने अपने विचार भी साझा किये।

# 01 लाख 1 हजार रू0 का झूठी लूट की कहानी बनाने वाले आरोपी गिरफ्तार

### प्रार्थी स्पनील गुप्ता के रिपोर्ट पर किया गया था थाना डोंगरगढ़ में लूट का अपराध दर्ज , प्रार्थी के पास काम करने वाले वर्कर ही निकले आरोपी




**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** पैसों का लालच आदमी को इतना नीचा गिरा देता है कि आदमी झूठी मनगढ़ंत कहानी बना पुलिस में झूठी शिकायत कर पुलिस प्रसाशन सहित धर्मनगरी के प्रज्ञागिरी पहाड़ी के पास लूट होने की अफवाह फैला बदनाम करने का कार्य किया है और उसी का नतीजा है कि पुलिस ने मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए तह तक जाकर फर्जी रिपोर्ट लिखवाने वाले इलायची दाना व्यपारी के दोनों वर्करो को पकड़ लिया. पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि 05. मार्च 2025 के रात्रि में प्रार्थी स्पनील गुप्ता पिता लक्ष्मी नारायण गुप्ता उम्र-36 साल निवासी गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि हमारे वर्कर मारूती कैरी माल वाहक वाहन क्रमांक- सीजी 08 एएल 8425 में डोंगरगढ़ के व्यापारी गोविन्द कन्हैया के पास लायची दाना छोड़ने आये थे। जंहा से व्यपार का पैसा नगद 1 लाख 10 हजार-रू0 को लेकर वापस राजनांदगांव जा रहे थे। तभी प्रज्ञागिरी रोड हनुमान मंदिर के सामने डोंगरगढ़ के पास 04 अज्ञात व्यक्ति कार में आकर मारूती कैरी माल वाहन क्रमांक- सीजी 08 एएल 8425 को ओवर टेक कर गाड़ी को रोककर दोनों वकर्रो को चाकू दिखाकर गाड़ी को तोड़फोड़, मारपीट कर 1 लाख 10 हजार रू0 से भरा बैग एवं मोबाईल फोन को लूटकर भाग गये है। कि रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्र0- 91/2025 धारा- 309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था और प्रकरण के गंभीरता को देखते हुये अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये माल के पता तलाश हेतु अपने वरिष्ठ पुलिस अधिकारीयों को अवगत कराते हुए अनुविभागीय अधिकारी महोदय डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम को तत्काल घटना से अवगत कराकर विवेचना हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा अपने पुलिस स्टॉफके साथ अज्ञात आरोपीगण के पता तलाश हेतु जूट गये।

प्रकरण के अज्ञात आरोपी के पता तलाश हेतु प्रार्थी के वर्कर धनराज सिन्हा एवं धनराज सिन्हा के भांजा से घटना के संबंध में पुछताछ किया गया तो दोनों गोल-मोल जवाब देने लगे जिस पर पुलिस को संदेह होने पर दोनों से बारिकी से पुछताछ करने पर पता चला कि 04 मार्च को प्रार्थी के बड़े भाई अंकित गुप्ता के साथ काम को लेकर दोनों वकर्रो का कहासुनी हुआ था। जिससे दोनों वर्कर गुस्से में थे और 05 मार्च को दोनों लायची दाना लोडकर डोंगरगढ़ लाये जहां से माल छोड़कर माल का नगदी रकम 1 लाख 10 हजार रू0 लेकर वापस राजनांदगांव जाते समय लूट की झूठी कहानी बनाकर रात्रि लगभग 08:00 बजे सुनसान जगह प्रज्ञागिरी हनुमान मंदिर डोंगरगढ़ रोड किनारे के पास गाड़ी खड़ी कर गाड़ी का कांच तोड़कर एक बैग में रखे नगदी रकम एवं एक नग मोबाईल को प्रज्ञागिरी हनुमान मंदिर पहाड़ी के पास छुपा दिये थे और राजनांदगांव जाकर अपने सेठ को घटना की झूठी कहानी बताये। बाद दोनों वर्करों के निशादेही में प्रज्ञागिरी हनुमान मंदिर पहाड़ी के पास से एक बैग में रखे नगदी रकम 1 लाख 10 हजार -रू0 एवं एक नग मोबाईल को बरामद कर जप्त किया गया है। प्रकरण के आरोपी धनराज सिन्हा पिता अश्वनी सिन्हा उम्र- 22 साल साकिन शिवनगर पुराना ढाबा रोड हनुमान मंदिर के पास वार्ड न0- 04, राजनांदगांव, थाना लालबाग थाना एवं एक नाबालिक बालक के विरूद्ध धारा- 309(4), 316(4), 324(4) क्क्ष्हस् के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपी धनराज सिन्हा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है एवं विधि से संघर्षरत बालक को बाल न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, उप निरीक्षक भूषण चन्द्राकर, सउनि गणेश चौहान, आरक्षक प्रयंश सिंह, योगेश साहू, लक्ष्मीशंकर कंवर का विशेष योगदान रहा है।

## वनांचल की बेटी गैंदकुंवर ठाकुर बनीं जनपद अध्यक्ष, अंचल में हर्ष की लहर



**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** मोहला विकासखंड के छोटे से वनग्राम मुरेर की साधारण गृहिणी श्रीमती गैंदकुंवर ठाकुर के जनपद पंचायत मोहला की अध्यक्ष निर्वाचित होने पर पूरे वनांचल क्षेत्र और आदिवासी समाज में हर्ष व्याप्त है। अपने गांव से पहली महिला सरपंच बनने के बाद, अब जनपद सदस्य और फिर अध्यक्ष का पद हासिल कर उन्होंने मिसाल कायम की है।

**संघर्ष से सफलता तक का सफर**

गैंदकुंवर ठाकुर का परिवार वर्षों से आर्थिक तंगी और सामाजिक चुनौतियों से जूझता रहा। उनके ससुर स्व. झगरू राम आजीविका के लिए दूसरों के यहाँ मजदूरी किया करते थे। जब उनके पति बंशीलाल ठाकुर मात्र चार माह के थे, तभी उनकी माँ का निधन हो गया था। कठिन परिस्थितियों के बावजूद, उनके परिवार ने शिक्षा को अपना आधार बनाया और आज परिवार के कई सदस्य सरकारी पदों पर प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त कर चुके हैं।

**ग्राम मुरेर की स्थिति और बदलाव की उम्मीद**

आज भी ग्राम मुरेर का मुख्य सड़कों से संपर्क सीमित है। बारिश के दिनों में गांवों का संपर्क पूरी तरह कट जाता है, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुँच पाना मुश्किल हो जाता है। जनपद अध्यक्ष बनने के बाद श्रीमती ठाकुर ने गांव के विकास, शिक्षा के प्रसार और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने का संकल्प लिया है।

**शिक्षा और नशामुक्ति का संदेश**

गैंदकुंवर ठाकुर का मानना है कि शिक्षा ही समाज के उत्थान का आधार है और नशा इसके पतन का कारण। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से बच्चों को शिक्षित करने और नशापान से दूर रहने की अपील की है। उनकी इस उपलब्धि पर ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए भव्य स्वागत किया और उनके उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं।

## शिक्षित होने के पश्चात भी वर्तनी की त्रुटि करना सही नहीं - डॉ. नीता राजपुत



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में 5 मार्च बुधवार प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई व्ही रेवती के दिशा-निर्देशन एवं भूगोल विभागाध्यक्ष हेमुराम पदमे एवं डॉ नौशीन अंजुम के नेतृत्व में एक दिवसीय अंतर्विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी विभाग से डॉ. श्रीमती नीता राजपुत उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता डॉ. राजपुत का भूगोल विभाग के प्राध्यापको द्वारा पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत से किया गया।

व्याख्यान का मुख्य विषय वर्तनी एवं व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को वर्तनी की शुद्धता से अवगत कराना था । मुख्य वक्ता डॉ. नीता राजपूत ने बताया कि हम अपने दैनिक जीवन में वर्तनी की त्रुटि बहुत अधिक करते हैं किंतु शिक्षित होने के पश्चात भी वर्तनी की त्रुटि करना सही नहीं है इस हेतु उन्होंने वर्तनी की परिभाषा, नियम हिंदी वर्तनी के नियम, परसर्ग एवं कारक चिन्हों का प्रयोग योजक चिन्हों का प्रयोग, अनुस्वाद और चंद्रबिंदु का प्रयोग आदि महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। छात्र-छात्राओं ने प्रश्न पूछ कर समस्या का समाधान किया । कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता डॉ. नीता राजपुत को भूगोल विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नौशीन अंजुम एवं आभार प्रदर्शन एच.आर. पदमे ने किया।

## डॉ रमन का उपहार लक्ष्मण झूला होगा तैयार - डी सी जैन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी द्वारा आगामी वर्ष के बजट में शिवनाथ नदी तट मोहारा मेला स्थल से प्रस्तावित पिकनिक स्पॉट भंवरमरा ऑक्सीज़ोन को जन साधारण की सुविधा एवं मनोरंजन हेतु लक्ष्मण झूला का निर्माण करने हेतु बजट में प्रावधान करने से समिति के सदस्यों एवं आम नागरिकों में हर्ष व्याप्त हुआ है। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष डॉ डी सी जैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह बताया गया है कि उनकी समिति द्वारा एक वर्ष पूर्व, पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी के स्पीकर बनने के बाद उनसे की गई प्रथम भेंट के अवसर पर उनको आवेदन प्रस्तुत कर ऑक्सीज़ोन भंवरमरा के सौंदर्यीकरण एवं ऑक्सीज़ोन को लक्ष्मण झूला का निर्माण कर मोहारा मेला स्थल से जोड़ने हेतु आवेदन दिये गये थे। उसी समय डॉ रमन सिंह जी द्वारा लक्ष्मण झूला बनेगा इन शब्दों के साथ समिति को आश्वासन दिया गया था। समिति को एक वर्ष के भीतर ही बजट में उपरोक्त दोनों योजनाओं को सम्मिलित करने से अपार हर्ष व्याप्त हुआ हैं। लक्ष्मण झूला के निर्माण से नगरवासियों एवं ग्रामवासियों को आवागमन एवं मनोरंजन की भरपूर सुविधा प्राप्त होगी तथा यह स्थान पिकनिक एवं मनोरंजन के साधन से परिपूर्ण होगा। समिति द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओ पी चौधरी के प्रति उक्त योजना को बजट में सम्मिलित करने के लिए आभार व्यक्त किया गया हैं। इस ऐतिहासिक उपहार के लिए समिति द्वारा डॉ रमन सिंह जी, विधानसभा अध्यक्ष तथा समिति के इस प्रयास में अपना पूरा सहयोग देने के लिए भूतपूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह एवं वर्तमान सांसद श्री संतोष पांडे के प्रति आभार व्यक्त किया गया हैं।

**शुभांक**

**1-4-8**

**129-2 460-0**

**भाग्यांक**

**280-0 370-0**

## लखोली में दो दिवसीय फागुन फाग महोत्सव 11 एवं 12 मार्च को



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लखोली वार्ड नंबर 35 व 36 दुर्गा चौक में दो दिवसीय फाग गायन एवं झाँकी प्रतियोगिता का आयोजन 11 एवं 12 मार्च दिन मंगलवार एवं बुधवार को समय सुबह 7:00 से रात्रि 10:00 बजे तक समस्त वार्डवासियों के तत्वावधान में होने जा रहा है। जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित है।कार्यक्रम के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रत्येक मंडली को प्रवेश शुल्क के रूप में 251 रुपए जमा करना होगा। प्रतिभागी विजेता मंडलियों को पुरस्कार का विवरण का वितरण किया जाएगा ।जिसमें प्रथम पुरस्कार 5001 रू, द्वितीय - 3001रू, तृतीय - 2001 रू, चतुर्थ - 1501 रु, पंचम - 1001 रू. , षष्ठम - 1001 रू., सप्तम - 1001 रू, अष्टम - 1001 रू के साथ सदाबहार पुरस्कार व विशेष पुरस्कार दिया जाएगा।कार्यक्रम में विशेष सहयोगी के रुप में दिनेश ट्रेडर्स, गंज चौक प्रो. आशीष गुप्ता, नवीन जैन समाजसेवी, डोमार साहू दूध वाले, संजय सरोदे (समाजसेवी), मांगन दास साहू, नरेश साहू, मोन्टू निषाद, प्रहलाद यादव, छगन साहू, वेन साहू, खिलेश यादव, संजय यादव, दुर्गेश निषाद, साहू, दिलीप, गिरधारी साहू, मोनू साहू, देवेन्द्र साहू (गोलू), यशवंत साहू, मनहरण साहू, रूपेश साहू, पुरुषोत्तम साहू (छोटू), मनोज कुमार साहू, हर्ष साहू, राजू साहू, अभिषेक साहू, यमन साहू, देवा साहू, डिकेश्वर साहू, राकेश साहू, जयसिंग ठाकुर अरूण साहू (पिन्दु), संतानु नेताम, राज साहू उपस्थित रहेंगे।

### नाम परिवर्तन

मै गौरव कुमार श्रीवास पिता काशी राम श्रीवास उम्र 30 वर्ष निवासी साई वाटिका, सरस्वती सदन सामान चौक टेकापार कला, पोस्ट - पिपरिया तहसील खैरागढ जिला केसीजी (छ.ग.) का रहने वाला हुं। मेरे जन्म के समय मेरा नाम गौरव कुमार था। मेरे आधार कार्ड में भी मेरा नाम गौरव कुमार पिता काशी राम त्रुटि पूर्ण अंकित है। जबकि मेरा वास्तविक नाम गौरव कुमार श्रीवास पिता काशी राम श्रीवास है जो भारत निर्वाचन आयोग के वोटर कार्ड में अंकित है। अतः मेरे आधार कार्ड में मैं अपना नाम गौरव कुमार श्रीवास पिता काशी राम श्रीवास रखना चाहता हूं जिसे छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन की आवश्कता है। अतः यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हुं।

दिनांक 05/03/2025

**गौरव कुमार श्रीवास**
**पिता काशी राम श्रीवास**
**निवासी साईं वाटिका,**
**सरस्वती सदन सामान चौक**
**टेकापार कला, पोस्ट -**
**पिपरिया तहसील खैरागढ**
**जिला केसीजी (छ.ग.)**

**// न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव जिला-राजनांदगाँव //**

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंजू जैस घ.प. स्व. राजेश जैस, निवासी रामसागर पारा, राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम कन्हारपुरी, प.ह.नं. 34, तहसील व जिला-राजनांदगाँव स्थित भूमि खसरा नंबर 500/2, रकबा 0.1010हे. भूमि के राजस्व ऑनलाईन अभिलेख मे आवेदक का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्ताशय के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 11/03/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित मे प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

अतः यह ईश्तहार आज दिनाँक 28/02/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**जारी दिनॉक :-28/02/2025**
**पेशी दिनांक :-11/03/2025**

**सील** **तहसीलदार राजनांदगाँव**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

धारा 6 (2) देखिये

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है, कि आवेदक पूर्णाक सहारे आ. राहुल सहारे जाति-महार उम्र-29 वर्ष निवासी - आर्शीवाद कॉलोनी कौरिनभांठा थाना-बसंतपुर पोस्ट व तहसील राजनांदगांव जिला-राजनांदगांव (छ0ग0) एवं आवेदिका वैशाली पटेल आ. सामसाय पटेल जाति-मरार उम्र-26 वर्ष निवासी-हाउस नंबर 783 वार्ड नंबर 43 संजय नगर लखोली थाना-सिटी कोतवाली तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ0ग0) द्वारा (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक 4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 24/03/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

**जारी दिनांक :- 21/11/2024.**
**पेशी तारीख :- 24/03/2025**

**सील** **अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202501090100006/-21(1)**

विषयः- अ-21 (1) मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
खलारी (प ह न. 00031),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- चुम्मन लाल चन्द्रवंशी जाति कंवर,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चुम्मन लाल चन्द्रवंशी आ. अजर चन्द्रवंशी जाति कंवर निवासी ग्राम बनभेड़ी तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा स्वयं के स्वामित्व की ग्राम खलारी, प.ह.नं. 29, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 247/2 रकबा 0.80 एकड़/0.324 हे., 248/2 रकबा 0.55 एकड़/0.223 हे., 249/3 रकबा 0.28 एकड़/0.114 हे., 251/1 रकबा 1.68 एकड़ /0.679 हे. कुल खसरा नं. 4 कुल रकबा 1.340 हे. को मकान निर्माण, बच्चो की उच्च शिक्षा एवं कृषि कार्य हेतु उन्नत औजार खरीदने हेतु रकम की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी श्रीमती चित्रा शर्मा पति श्री विजय शर्मा निवासी महावीर सनसिटी राजनांदगांव के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 26.03.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/03/2025 को जारी किया जाता है।

**सील** **तहसीलदार डोंगरगढ़**

## ज्ञान मंथन

*1) माताबेरी पेरा और पचरा, जिन्हें हाल ही में जीआई टैग मिला है, किस राज्य से संबंधित हैं?*

*2) चैटजीपीटी का विकास किसके द्वारा किया गया?*

*3) कौन सी वायुमण्डलीय परत जलवायु और मौसम में सभी परिवर्तनों के लिए जानी जाती है?*

*4) 1980 में भारत में कितने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था?*

*5) कौन काँगो गणराज्य की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी हैं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) त्रिपुरा (2) ओपन ए आई (3) क्षोभमण्डल (4) 6 (5) जूडीथ सुमिनवा तुलूका

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत महिला-बाल विकास छुरिया व्दारा 13 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** महिला एवं बाल विकास परियोजना छुरिया व्दारा स्थानीय सामुदायिक भवन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह का कार्यक्रम आयोजन किया गया । मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत कुल 13 जोड़ों का वैदिक मंत्रों उपचार के साथ विवाह संपन्न कराया गया। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समय-समय पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन कराया जाता रहा है। इसी तारतम्य में दिन गुरुवार को छुरिया सामुदायिक भवन में ग्रामीण क्षेत्रों से आए वर वधुओं के विवाह में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी व कर्मचारी के साथ परिजन गाजे बाजे के साथ बारात निकाल कर कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, छुरिया जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, उपाध्यक्ष जिला भाजपा चंद्रिका प्रसाद डड़सेना , एवं नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल अतिथि के रूप में शामिल हुए। विवाह का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र पर पूजा अर्चना व पुष्प अर्पित कर किया गया। और पूरे रस्मो रिवाज के साथ विवाह संपन्न कराया गया। वहीं मौजूद अतिथियों व्दारा योजना के तहत दिए जाने वाली राशि 35 हजार का चेक व अन्य सामग्री भेंट कि वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू ने सभी नवयुगल जोड़ी सदैव जीवन पथ पर प्रेम स्नेह पूर्वक दाम्पत्य जीवन का निर्वहन करें ऐसी मंगलकामनाएं की।

**अतिथियों ने नवयुगल जोड़ीयों को संबोधित करते हुए कहा।**

श्रीमती साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2003 में भाजपा की सरकार बनी तब तत्कालीन मुख्यमंत्री डा रमन सिंह जी द्वारा वर्ष 2005-06 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की शुरुआत की गई थी। जो आज सभी के लिए वरदान साबित हो रही है। वहीं छुरिया जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने कन्या विवाह योजना में शामिल होकर अपनी बेटे-बिटियों की शादी कराने वाले माता पिता को बधाई देते हुए कहा कि फैशन और मंहगाई की दौर में सभी बेटे- बिटियो का आदर्श विवाह संपन्न कराकर कर्ज के बोझ से बच सकते हैं। साथ ही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष जिला भाजपा चंद्रिका डड़सेना ने भी संबोधित किया मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को होने वाली आर्थिक परेशानियों को दूर करना, शादी के मौके पर फिजुलखर्ची को रोकना, सामूहिक विवाह के आयोजन से सामाजिक स्थिति में सुधार लाना है। इस अवसर पर जनपद सदस्य उत्तरा बाई निषाद, नैन सिंह पटेल, एवं शिशुपाल साहू, अशोक सेन, संगीता यादव , समेत महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमति कमलावती मरकाम सहित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## युगांतर के दो विद्यार्थी सीए इंटरमीडिएट में प्रथम प्रयास में सफल

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थियों ने सीए इंटरमीडिएट एक्जाम के दोनों ग्रुप में प्रथम प्रयास में ही शानदार सफलता अर्जित की है। इनमें सीबीएसई बारहवी बोर्ड की विद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त दीशिका मोटलानी तथा मौलिक जैन ने इस एक्जाम में उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ एक उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। इन उभरते विद्यार्थियों ने साबित कर दिया है कि सफलता के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपनी असाधारण प्रतिभा के बल पर इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा को उत्तीर्ण किया।





इन विद्यार्थियों ने तरूण महापात्रा, भावा रमेश के मार्गदर्शन में यह शानदार सफलता अर्जित की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी , चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी,अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने इन विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

## सागौन प्लान्टेशन में फिर लगी आग

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर के चौकी रोड में नर्सरी के पास सागौन प्लान्टेशन में 7 मार्च को एक बार फिर आग लग गई है एक दिन पूर्व



किल्ला पहाड़ी में भी असामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगा दिया था लगातार आग के पीछे पता चला है कि आसामाजिक तत्वों के लोग सागौन प्लान्टेशन में शराब पीने जाते है और बीडी सीक्रेट पीकर छोड़ देते है जिनसे आग के हवाले में सैकड़ों सागौन को अपने लपेटे में ले लिया है सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मचारियों और मीडिया कर्मी पहुंच कर नागरिकों की मदद से देर रात्रि तक आग पर काबू पाया गया।

# छुरिया क्षेत्र में झोलाछाप डाक्टरों की भरमार

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** विगत दिनों राजनांदगांव में स्वास्थ्य विभाग ने गैर लाइसेंस क्लीनिक एवं दवाखानों पर दबिश दी और कार्यवाही की और जांच के दौरान संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस दी गई वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने पर छत्तीसगढ़ नर्सिंग होम एक्ट के तहत क्लीनिक एवं दवाखाना बंद करने की कार्यवही करने की बात कही।

तो क्या उपरोक्त कार्यवाही सिर्फ शहरी इलाकों में करने के लिये ही है या इस कार्यवाही को ग्रामीण इलाकों में किया जाना है। यदि इस प्रकार की दबिश देने की कार्यवाही सभी ओर एक समान लागू करने की नीति कार्य करती है तो फिर नगर पंचायत छुरिया और इसके आसपास आने वाले क्षेत्र में ऐसी कार्यवाही अब तक क्यों नहीं की जा रही है। किसी विशेष मुहुर्त का इंतजार किया जा रहा तब ऐसी कार्यवाही की जायेगी या किसी प्रकार की कोई जानमाल की हानि या किसी की अप्रत्याशित मौत हो जायेगी तक स्वास्थ्य विभाग जागेगा। अभी भी कोई देर नहीं हुई है छुरिया क्षेत्र में झोला छाप डाक्टरों की क्लीनिक, घर




### सरकार कब देगी इस ओर ध्यान

पहुंच झोला छाप डाक्टर, क्या देशी जड़ी बूटी के डाक्टर और क्या बंगाली डाक्टर सभी की दुकानें छुरिया क्षेत्र में 1 खोजेंगे 4 मिलेगी। ऐसे डाक्टरों की क्लीनिक पर दबिश देने की कार्यवाही भी होनी जिससे इस प्रकार से झोला छाप डाक्टरों के अलावा छुरिया क्षेत्र में चलने वाले पैथालाजी जांच सेन्टर की दस्तावेज संबंधित जांच की जानी चाहिये। अपना अपना पैथालाजी सेन्टर खोलकर किसी न किसी डाक्टर का परामर्श केन्द्र बताकर किसी भी विभागीय कार्यवाही बचने का उपाय किया जा रहा है। एक्स रे एवं डायग्नोस्टिक सेन्टर के नाम से संचालित दुकानों की विश्वसनीयता पर भी विभाग को उचित ध्यान देना चाहिये। आने वाले दिनों में पड़ने वाली भीषण गर्मी को देखते हुये स्वास्थ्य विभाग को अपनी पूरी तैयारी कर लेनी चाहिये और सभी गांवों तक आवश्यक दवाओं का भरपूर स्टाक बना लेना चाहिये और इस प्रकार से छुरिया क्षेत्र में संचालित अवैध दवाखानों और निजी डाक्टरों की जांच पड़ताल कर क्षेत्र के आमजन को सुरक्षा की गारंटी प्रदान करने में अपनी उचित कार्यवाही जल्द से जल्द करके सभी को आश्वस्त करने में विशेष सहयोग प्रदान करना चाहिये ऐसा छुरिया क्षेत्र की जनता का मानना है।

### नर्सिंग होम एक्ट की टीम द्वारा क्लीनिक एवं दवाखाना में दस्तावेजों की जांच की गई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार नर्सिंग होम एक्ट की टीम द्वारा शहर में संचालित गैर लाईसेंस क्लीनिक एवं दवाखाना में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। टीम द्वारा नया बस स्टैण्ड स्थित आरोग्यम सुपरस्पेशिलिटी क्लीनिक, बजरंगपुर-नवागांव स्थित श्री राजेश लारिया, मोतीपुर स्थित मां परमेश्वरी दवाखाना - श्री एलसी देवांगन एवं बसंतपुर स्थित शर्मा क्लीनिक - श्री शैलेष शर्मा, आस्था क्लीनिक - श्री चन्द्रेश साहू, आर्शीवाद डेंटल क्लीनिक - डॉ. केयूरा जैन , होम्योपैथिक क्लीनिक - डॉ. विशाल गंगवानी की जांच की गई।

# सांसद संतोष पांडे सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति में राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविंद्र वैष्णव, उपाध्यक्ष किरण साहू सहित नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों का किया भव्य स्वागत

## जिला पंचायत अध्यक्ष बनी किरण रविंद्र वैष्णव, उपाध्यक्ष पद पर किरण साहू निर्वाचित हुई





राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला पंचायत में आज जिला पंचायत अध्यक्ष,उपाध्यक्ष का चुनाव गममागहमी के बीच संपन्न हुआ। जिला पंचायत में भाजपा ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर कब्जा किया,अपना दब दबा कायम रखा। मतदान प्रक्रिया के माध्यम से हुए इस चुनाव में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच हुआ हालांकि कांग्रेस के पास संख्या बल कम था फिर भी उसने दोनो पदों के लिए अपने उम्मीदवार मैदान में उतरे जिला पंचायत में भाजपा के पास 10 सदस्य से जबकि कांग्रेस के पास केवल तीन सदस्य जो निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस में शामिल हुए थे। कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए विभा साहू और उपाध्यक्ष के लिए महेंद्र यादव को प्रत्याशी बनाया वहीं भाजपा ने अध्यक्ष पद के लिए किरण रविंद्र वैष्णव और उपाध्यक्ष पद के लिए किरण साहू को मैदान में उतारा था। मतदान के बाद आए परिणामों में भाजपा के दोनों प्रत्याशी विजयी रहे। किरण रविंद्र वैष्णव को जिला पंचायत अध्यक्ष और किरण साहू को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। दोनों विजयी प्रत्याशियों का जिला भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया जहा भूपेंद्र सवन्नी, सांसद संतोष पांडे, भरत वर्मा,कोमल सिंह राजपूत, सचिन बघेल, संतोष अग्रवाल,रमेश पटेल, नीलू शर्मा सहित समस्त जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यगणो को फूल माला पहनाकर, गुलदस्ता भेंटकर भव्य स्वागत सम्मान किया गया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त कार्यक्रम अनुसार आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए निर्धारित समय में शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी श्री सीएल मारकण्डेय उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए सुबह 11 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष पद हेतु श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव एवं श्रीमती विमल विभा साहू के द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। जांच उपरांत दोनों नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए और मतदान कराया गया। मतदान पश्चात् मतगणना की कार्रवाई की गई। जिसमें श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव को अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचित घोषित कर प्रमाण-पत्र प्रदाय किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष का निर्वाचन शांति पूर्वक संपन्न हुआ। जिला पंचा त उपाध्यक्ष पद के लिए दोपहर 2.30 बजे श्रीमती किरण अमर साहू और श्री महेन्द्र यादव के द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। जांच उपरांत दोनों नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए और मतदान कराया गया। मतदान पश्चात् मतगणना की कार्रवाई की गई। जिसमें श्रीमती किरण अमर साहू को उपाध्यक्ष पद हेतु निर्वाचित घोषित कर प्रमाण-पत्र प्रदाय किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हुआ। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव श्री देवेन्द्र कुमार कौशिक उपस्थित थे।



## धर्म समाचार....

# इन राशियों के जीवन में होगा बदलाव, कोराबार में होगा दोगुना लाभ




ज्योतिषियों की मानें तो 09 मार्च के दिन चंद्र देव राशि परिवर्तन करेंगे। चंद्र देव रविवार के दिन मिथुन राशि से निकलकर कर्क राशि में गोचर करेंगे। कर्क राशि के स्वामी मन के कारक चंद्र देव हैं और आराध्य भगवान शिव हैं। इस राशि के जातकों पर मन के कारक चंद्र देव की कृपा हमेशा बरसती रहती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, शुक्रवार 07 मार्च को मासिक दुर्गा अष्टमी है। यह पर्व हर महीने शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन जगत जननी देवी मां दुर्गा की पूजा की जाती है। साथ ही अष्टमी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही आय, आयु, धन, ऐश्वर्य, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। फाल्गुन माह की दुर्गा अष्टमी कई राशि के जातकों के लिए शुभ रहने वाला है। इस शुभ अवसर पर मन के कारक चंद्र देव राशि परिवर्तन करेंगे। चंद्र देव के राशि परिवर्तन करने से दो राशि के जातकों को विशेष लाभ होगा। इन राशियों पर चंद्र देव की कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से आर्थिक तंगी दूर होगी। आइए, इन दो राशि के बारे में जानते हैं-

**वृषभ राशि**- फाल्गुन माह की अष्टमी तिथि पर मन के कारक चंद्र देव की कृपा से वृषभ राशि के जातकों को लाभ होगा। धन की समस्या दूर हो सकती है। ऐसा भी हो सकता है कि आमदनी बढ़ सकती है। आर्थिक स्थिति मजूबत होगी। धार्मिक यात्रा के योग बनेंगे। घर पर मेहमानों का आगमन होगा। किसी अनजाने शख्स से मुलाकात होगी। परिवार में सुखद माहौल रहेगा। घर पर शुभ काम बनेंगे। किसी विशेष काम के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। बिगड़े काम बनेंगे। मानसिक तनाव की समस्या दूर होगी। देवी मां दुर्गा की कृपा पाने के लिए मां को चावल की खीर अर्पित करें।

**सिंह राशि**- मन के कारक चंद्र देव के राशि परिवर्तन से सिंह राशि के जातक भी मालामाल होंगे। कारोबार संबंधी परेशानी दूर होगी। माता जी की सेहत अच्छी रहेगी। बड़े भाई से स्नेह मिलेगा। शुभ काम में सफलता मिलेगी। कोई बड़ी मनोकामना पूरी होगी। मां दुर्गा की पूजा करने से सुखों में वृद्धि होगी। यात्रा के योग बनेंगे। निवेश के लिए समय उत्तम है। पिता जी के साथ संबंध मधुर होंगे। मासिक दुर्गा अष्टमी पर सफेद चीजों का दान अवश्य करें।

### मेष राशि के जातक मार्च महीने से करें ये उपाय, आने वाली परेशानियां होंगी दूर

मार्च महीने में न्याय के देवता शनिदेव राशि परिवर्तन करेंगे। वहीं मई महीने में मायावी ग्रह राहु और केतु राशि परिवर्तन करेंगे। इसी महीने में देवगुरु बृहस्पति 14 मई को वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में गोचर करेंगे। राहु-केतु के राशि परिवर्तन से मीन और कन्या राशि के जातकों को मायावी ग्रह से मुक्ति मिल जाएगी। न्याय के देवता शनिदेव चैत्र अमावस्या के दिन राशि परिवर्तन करेंगे। वर्तमान समय में शनिदेव कुंभ राशि में विराजमान हैं। वहीं, चैत्र अमावस्या के दिन शनिदेव कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में गोचर करेंगे। शनिदेव के मीन राशि में गोचर करने से कई राशि के जातकों को शनि की बाधा से मुक्ति मिलेगी। वहीं, मेष राशि के जातकों पर साढ़ेसाती शुरू होगी। इससे जीवन में विषम परिस्थिति पैदा हो सकती है। अगर आप भी मेष राशि के जातक हैं, तो साढ़ेसाती के प्रभाव को कम करने के लिए मार्च महीने से ये उपाय जरूर करें। शनिदेव न्याय के देवता और कर्मफल दाता हैं। शनिदेव 29 मार्च को रात 11 बजकर 01 मिनट पर कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में गोचर करेंगे। शनिदेव के राशि परिवर्तन करने से मकर राशि के जातकों को साढ़ेसाती से मुक्ति मिलेगी। वहीं, कर्क और वृश्चिक राशि के जातकों को शनि की ढैय्या से मुक्ति मिलेगी। जबकि, मेष राशि के जातकों पर साढ़ेसाती का पहला चरण शुरू होगा और सिंह और धनु राशि के जातकों पर शनि की ढैय्या प्रारंभ होगा।



**उपाय**- मेष राशि के स्वामी मंगल देव हैं और आराध्य हनुमान जी हैं। अत: रोजाना हनुमान चालीसा का पाठ करें। हनुमान जी की पूजा करने से शनि की बाधा दूर होती है। हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए मंगलवार के दिन बजरंगबली की पूजा करें। साथ ही पूजा के समय (पुरुष) हनुमान जी को एक चुटकी सिंदूर अर्पित करें। शनिदेव की कृपा पाने के लिए मंगलवार के दिन पूजा के समय रामरक्षा स्तोत्र का पाठ करें। इस उपाय को करने से हर परेशानी दूर होती है। न्याय के देवता शनिदेव की गिनती महादेव के प्रमुख भक्तों में की जाती है। अत: भगवान शिव की पूजा करने से शनिदेव प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा साधक पर बरसती है। शनि की बाधा दूर करने के लिए सोमवार और शनिवार के दिन स्नान-ध्यान के बाद गंगाजल या सामान्य जल में काले तिल मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com